तापमान

अधिकतम 26.8 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026



12 हरियाणवी नृत्य पर छात्रों ने मचाया धमाल ...





12 मनुष्य बाहरी साधनों में सुख खोजते-खोजते स्वयं को ...




## कुवि के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने की वर्ष 2023-24 के लिए गोयल पुरस्कारों की घोषणा

# देश के चार अग्रणी वैज्ञानिक गोयल पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**विद्वानों ने शोध से विज्ञान की सीमाओं का विस्तार किया और मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व योगदान दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



प्रो. अनिरुद्ध पंडित प्रो. थलप्पिल प्रदीप प्रो. परमजीत खुराना प्रो. श्रीराम रामास्वामी

शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराते हुए शुक्रवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने वर्ष 2023-24 के प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कारों की घोषणा की। विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने देश के चार महान वैज्ञानिकों के नामों का ऐलान करते हुए बताया कि इन विद्वानों ने अपने अद्वितीय शोध से न केवल विज्ञान की सीमाओं का विस्तार किया है, बल्कि मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व योगदान दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए मुंबई से प्रो. अनिरुद्ध पंडित (अनुप्रयुक्त विज्ञान), चेन्नई से पद्मश्री प्रो. थलप्पिल प्रदीप (रसायन विज्ञान), दिल्ली से प्रो. परमजीत खुराना (जीव विज्ञान) और बैंगलोर से प्रो. श्रीराम रामास्वामी (भौतिक विज्ञान) का चयन किया गया है। पुरस्कार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुवि वर्ष 1992 से निरंतर देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों को सम्मानित कर रहा है और यह गौरव प्राप्त करने वाला देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। चयनित प्रत्येक वैज्ञानिक को सम्मान स्वरूप 2 लाख रुपये नकद, एक स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह ने बताया कि इन वैज्ञानिकों का कार्य क्रांतिकारी है, जहां प्रो. थलप्पिल प्रदीप ने नैनो-टेक्नोलॉजी के माध्यम से पेयजल को शुद्ध करने की सस्ती तकनीक विकसित की है, वहीं प्रो. परमजीत खुराना गेहूं की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक जेनोमिक्स पर कार्य कर रही हैं। प्रो. अनिरुद्ध पंडित के बहुउद्देशीय रिएक्टर डिजाइन और प्रो. श्रीराम रामास्वामी के कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स में योगदान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मस्तक ऊंचा किया है। पुरस्कार समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने जानकारी दी कि अब तक प्रो. सीएनआर राव, डॉ. कस्तूरीरंगन और प्रो. आरए माशेलकर जैसे 120 से अधिक दिग्गज इस सम्मान से नवाजे जा चुके हैं। इन मुख्य पुरस्कारों के साथ-साथ 45 वर्ष से कम आयु के होनहार वैज्ञानिकों के लिए राजीव गोयल पुरस्कार की चयन प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

### पुरस्कार वितरण समारोह मार्च में होगा

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गोयल पुरस्कारों की गौरवशाली परंपरा की नींव 1990 में अमेरिका निवासी प्रवासी भारतीय स्व. राम एस गोयल ने रखी थी। विज्ञान के इस महाकुंभ का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह इसी वर्ष मार्च माह में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश भर के दिग्गज वैज्ञानिकों के जुटने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड बैंक मैनेजर से ठगे 17 लाख रुपये

**यमुनानगर।** व्यापार में पैसे डबल करने का लालच देकर रिटायर्ड बैंक मैनेजर से 17 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर उसे पिस्टल से जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब निवासी दविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लुधियाना निवासी नरेंद्र कक्कड़ के साथ थी। नरेंद्र ने उसे अपने साथी हरनेक सिंह के साथ मिलकर उन्हें व्यापार में पैसा डबल करने का झांसा दिया। आरोपी ने उसे थाना रादौर क्षेत्र के एक गांव निवासी दंपत्ति व दो अन्य लोगों से मुलाकात करवाई। आरोपियों ने उससे व्यापार के नाम पर 17 लाख रुपये नकद ले लिए। पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पिस्टल से उसे जान से मारने की धमकी दी।

### अफीम तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अफीम तस्करी के आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 106 ग्राम अफीम और बाइक बरामद की है। जोगनाखेड़ा निवासी सुशील कुमार देवीलाल पार्क के पास बाइक पर अफीम बेचने आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 106 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला के शोर मचाने से बची सोने की चेन

**यमुनानगर।** गांव रामपुरा खादर में घर में बाहर खड़ी महिला से एक व्यक्ति ने सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रामपुरा खादर निवासी अन्नु गर्ग ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 फरवरी को एक व्यक्ति भीख मांगने के लिए आया। आरोपी ने उसे खाने के लिए मांगा। जब वह आरोपी के लिए खाने के लिए घर से सामान लेकर आने के लिए पलटी तो आरोपी ने उसकी सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। उसने शोर मचाने पर आरोपी व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नशा तस्कर 240 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने पानीपत हरिद्वार बाइपास रोड स्थित सनौली मोड़ फ्लाई ओवर पुल के नीचे से नशा तस्कर जाबिर उर्फ आंधा पुत्र सगीरा निवासी गांव गढी बेसिक जिला पानीपत को 240 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार सुभाष ने बताया कि जाबिर पर थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवा कर उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जाबिर से जुडे लोगों का पता लगा कर उन्हें भी गिरफ्तार करेगी।

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने गोपाल राम पुत्र शंकर राम निवासी दसौडी बीकानेर राजस्थान हाल अंसल, पानीपत को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि बरामद हुई बाइक के मामले में थाना चांदनी बाग में सोनू पुत्र रामजी निवासी धारीवाल चौक गुड़ मंडी की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस का कहना है आरोपी से पूछताछ में और घटनाओं के बारे में पता लगाएगी।

## पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए तीनों बदमाशों से पूछताछ के बाद खुलासा

# विदेश में बैठे गैंगस्टर के इशारे पर हुई थी अस्पताल व सिटी मॉल के बाहर फायरिंग

**आरोपियों ने गलत जानकारी देकर जांच को भटकाने की कोशिश की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के वरयाम सिंह अस्पताल व सिटी मॉल के बाहर पांच दिन पहले हुई फायरिंग विदेश में बैठे एक नामचीन गैंगस्टर के इशारे पर हुई थी। यह खुलासा पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए तीनों बदमाशों पुलिस पूछताछ के दौरान किया है। शुक्रवार को तीनों बदमाशों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। टांगों पर प्लास्टर चढ़े तीनों बदमाशों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान आरोपियों ने शुरुआती पूछताछ में गलत जानकारी देकर जांच को भटकाने की कोशिश की। मुख्य आरोपी गुरलाल ने खुद को कुरुक्षेत्र का रहने वाला बताया था। मगर जांच करने पर आरोपी पंजाब के मसाना का रहने वाला निकला। इसी प्रकार करनाल जिले के तरावड़ी निवासी नितिन और सागर ने खुद को नाबालिग बताया था। लेकिन दस्तावेजी जांच में दोनों बालिग पाए गए।



**यमुनानगर।** आरोपियों को अस्पताल से छुट्टी के बाद अदालत में पेश करने ले जाती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### शहर में दहशत फैलाने की कोशिश

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फायरिंग कर शहर में भय का माहौल बनाना था। अस्पताल और मॉल को निशाना बनाकर उन्होंने आम लोगों में डर पैदा करने की कोशिश की, ताकि रंगदारी की रकम वसूली जा सके।

### पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

पुलिस जांच में सामने आया है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान आरोपियों ने शुरुआती पूछताछ में गलत जानकारी देकर जांच को भटकाने की कोशिश की। मुख्य आरोपी गुरलाल ने खुद को कुरुक्षेत्र का निवासी बताया था, जबकि जांच में वह पंजाब के मसाना का रहने वाला निकला। करनाल जिले के तरावड़ी निवासी नितिन और सागर ने खुद को नाबालिग बताया, लेकिन दस्तावेजी जांच में दोनों बालिग पाए गए। इन खुलासों के बाद पुलिस अब आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तैयारी में है।

### संगठित तरीके से वारदात देने आए थे तीनों आरोपी

एएसपी अमरिंद्र सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी संगठित तरीके से रंगदारी से जुड़ी वारदात को अंजाम देने आए थे। उन्होंने बताया कि पूरी वारदात विदेश में बैठे एक नामचीन गैंगस्टर राणा के इशारे पर अंजाम दी गई। आरोपियों को रंगदारी से जुड़े मामले में दहशत फैलाने के लिए तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल और सिटी मॉल जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों को जान बूझकर निशाना बनाया गया ताकि शहर में डर का माहौल बने और रंगदारी वसूली जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि विदेश में बैठे गैंगस्टर से उनका संपर्क कैसे हुआ। फायरिंग के लिए हथियार किसने उपलब्ध कराए और इस साजिश में और कौन-कौन शामिल है।

### पूरे नेटवर्क को खंगाल रही पुलिस

पुलिस अब साइबर और क्राइम यूनिट की मदद से पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। जांच इस दिशा में भी चल रही है कि क्या यह हमला पहले मांगी गई रंगदारी से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। साथ ही आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड, सोशल मीडिया संपर्क और आर्थिक लेन देन की भी जांच की जा रही है। जल्द ही वारदात में शामिल गैंग की जानकारी एकत्र कर ली जाएगी।

-अमरिंद्र सिंह, एएसपी



**अंबाला।** भ्रूण लिंग जांच के आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

# भ्रूण लिंग जांच करते दो कर्मचारी गिरफ्तार

**75 हजार में हुई थी डील, 39 हजार कैश जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

कुरुक्षेत्र की हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने अंबाला के 2 प्राइवेट अस्पताल के कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। टीम ने दोनों आरोपी रोहित और मोहित को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अंबाला पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पीएनडीटी के इंचार्ज डॉ. रमेश सभ्रवाल ने बताया कि कुछ लोग गैरकानूनी तरीके से भ्रूण लिंग जांच करवा रहे हैं। तब टीम ने आरोपी मोहित से संपर्क किया। मोहित गार्डियन अस्पताल में कर्मचारी के तौर पर काम करता था। टीम ने बोगस ग्राहक के जरिए उससे संपर्क किया तो आरोपी ने भ्रूण लिंग जांच करवाने का भरोसा दिलाया। इसके बदले उसने 75 हजार मांगे, जिसमें 20 हजार रुपये एडवांस देने थे। बात तय होने पर मोहित ने नैना नाम की महिला के बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने को कह दिया। नैना खुद खुराना अस्पताल अंबाला में काम करती है। टीम ने 20 हजार नैना के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। 11 फरवरी को जांच टीम के सदस्य तय जगह पर पहुंचे। जहां आरोपी ने कहा कि गर्भवती महिला के पति को साथ लाना जरूरी है। तब टीम ने आरोपी को बगैर बोगस ग्राहक के पति के जांच करवाने के लिए तैयार किया। नैना ने ड्राइवर रोहित को कार में जांच के लिए भेज दिया। रोहित ने बोगस ग्राहक बनी महिला को कार में लेकर मदान अस्पताल आ गया। यहां पहले एक सामान्य अल्ट्रासाउंड किया गया। इसके बाद आरोपी ने 2 दिन के बाद लिंग की जांच की रिपोर्ट या जानकारी देने की बात कही, तभी टीम ने दबिश देकर रोहित को पकड़ लिया पास से 39 हजार रुपये भी बरामद हुए।

### जॉर्जिया भेजने के नाम पर चार लाख की ठगी

**मुलाना।** धीन गांव के एक व्यक्ति से विदेश भेजने के नाम पर चार लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़ित के बेटे को जॉर्जिया भेजने का झांसा देकर रुपये हड़प लिए और उसे फर्जी वीजा व टिकट थमा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने यमुनानगर के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धीन गांव के बलदेव राज ने बताया कि वह अपने बेटे सचिन को काम के लिए विदेश भेजना चाहता थे। गगन से मिला। गगन ने 4 लाख रुपये में उसके बेटे का वर्क वीजा लगवा देने का झांसा देकर मुकर गया।

## यमुनानगर के गांव चुहड़पुर कलां के पास हादसा

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी-पावंटा साहिब नेशनल हाइवे पर गांव चुहड़पुर कलां स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के पास बीती रात कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक कपड़े के शोरूम पर सेल्समैन का काम करता था। हादसे के समय मृतक शोरूम से छुट्टी कर घर वापस जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बोम्बोपुर निवासी 28 वर्षीय मोमिन प्रताप नगर बस स्टैंड के पास कपड़े के शोरूम पर सेल्समैन का काम करता था। वीरवार रात वह अपने साथी के साथ शोरूम से काम खत्म करके घर लौट रहे थे। इस दौरान मोमिन अपने साथी को उनके घर पर छोड़कर अपने घर जा रहा था। जब वह गांव चुहडपुर कलां स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने मोमिन की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मोमिन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 154 कर्मियों का रुका वेतन दिए जाने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ ने समय पर वेतन व 154 कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव के नाम ज्ञापन कुलपति के ओएसडी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हम कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कर्मचारी है। हरियाणा सरकार के आदेश के बाद भी हमें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। हरियाणा सरकार के आदेश है कि सभी कर्मचारियों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन दिया जाना चाहिए लेकिन अभी तक नहीं मिली है।

# पशुओं के कटे सिर व पैर मिलने से रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत जिला में यमुना नदी किनारे बसे गांव पत्थरगढ़ के खेतों में पशुओं के कटे सिर और पैर मिले है। हिंदू संगठनों में रोष छाया हुआ है। इधर, थाना सनौली खुर्द पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। वहीं पुलिस की जांच में पता चला कि गांव पत्थरगढ़ निवासी राजेश पुत्र पाला कश्यप की गाय लापता हो गई। राजेश ने अपने साथी ग्रामीणों के साथ अपनी गाय की तलाश की तो यमुना नदी की ओर वाले खेतों में पशुओं के गले में बांधे जाने वाली रस्सी का टुकडा खून से सना मिला।



वहीं, ग्रामीणों ने खेत में खुदाई कर दबाई की मिट्टी देखी। यहां आवारा कुत्ते मंडरा रहे थे। ग्रामीणों ने जब इस क्षेत्र में मिट्टी की खुदाई की तो अंदर से पांच पशुओं व दो बछड़ों के कटे सिर व पैर मिले। इधर, पुलिस के आग्रह पर पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। वहीं, ग्रामीण ने कहा कि इस तरह की घटनाएं न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

### की जा रही जांच

पशुओं के शव मिले के मामले में थाना सनौली खुर्द पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में पुलिस का गश्त बढाया जाएगा। फिर ऐसी घटना ना हो इसके लिए पुलिस धरातल पर कार्य करेगी। -सतीश वत्स, डीएसपी हेडक्वार्टर

## केयू में जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई बोले**

# भविष्य के लिए सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

- औद्योगीकरण, वनों की कटाई जीवाश्म ईंधनों के उपयोग व प्रदूषण के कारण निरंतर बढ़ रहा है पृथ्वी का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा अन्य नवीकरणीय स्त्रोतों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ते औद्योगीकरण, वनों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग तथा प्रदूषण के कारण पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। इसलिए पृथ्वी पर अच्छे जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है। यह उद्गार उन्होंने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा केयू सीनेट हॉल में जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन चुनौतियां और प्रबंधन विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन मानव समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस मौके पर प्रो. नरेन्द्र सिंह, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. एनके माटा, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो. सुनीता दलाल, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो. परमेश, डॉ. हरदीप राय सहित शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्वच्छ ऊर्जा के महत्व पर बल दिया

निरंतर तापमान बढ़ने के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ तथा जैव विविधता में कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा के महत्व पर बल देते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने विशेष रूप से कहा, यह केवल सरकार की लड़ाई नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल पर्यावरण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

# रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर गांव सोहाना के पास किसानों का धरना लगातार जारी है। धरने की अध्यक्षता किसान नेता जगमाल लाठर ने की। बड़ी संख्या में किसानों ने प्रशासन और एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को दोहराया। प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि सर्विस लेन के अभाव में आसपास के गांवों के किसानों, मजदूरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषि यंत्रों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। धरने को और मजबूत बनाने के लिए किसानों ने फुसगढ़, खेड़ा और छपरा गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

## खबर संक्षेप

### महर्षि दयानंद के विचार आज भी प्रेरक : डॉ. आर्य

**करनाल।** आर्य केंद्रीय सभा द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती जी का जन्मोत्सव एवं आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ से हुआ। प्रसिद्ध भजनोपदेशक दिनेश पथिक जी ने प्रभु भक्ति और देशभक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की रणनीति बैठक आयोजित

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की खंड कुंजपुरा इकाई की बैठक प्रजापति धर्मशाला में खंड प्रधान रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 और 23 फरवरी को कुरुक्षेत्र की सैनी धर्मशाला में होने वाले दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि पेंशन संबंधित विधेयक वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### युवा समाज में आदर्श नागरिक बनें: प्रो. सैनी

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस दिन-रात शिविर के छठे दिन स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव का समापन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में 220 विद्यार्थियों, 80 अभिभावकों और 20 वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया। हर्डल रेस, कोन रेस, रिंग रेस, हॉकी रेस और स्पून रेस जैसी प्रतियोगिताओं ने सभी को रोमांचित किया।

### एसआईआर पर पार्षदों के साथ विस्तृत बैठक की

**करनाल।** एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में करनाल विधानसभा क्षेत्र के नगर पार्षदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को सफल बनाना था। बैठक में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची की मैपिंग एवं वंशज मिलान की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

### छात्राओं ने रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**करनाल।** डॉ. गणेश दास महिला शिक्षण महाविद्यालय के मार्गदर्शन, परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा "कौशल विकास" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना तथा उन्हें व्यावसायिक कौशलों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ।

---

'प्रारंभ स्कॉलरशिप पुरस्कार वितरण समारोह' का आयोजन

# बेटियों के सम्मान व शिक्षा से बदलेगा राष्ट्र का भविष्य : कृष्ण कुमार बेदी

- टेस्ट में 1800 छात्राओं ने भाग लिया
- प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में नई दिशा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि बेटियों का सम्मान और उनकी शिक्षा ही विकसित भारत की सच्ची नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' अभियान ने हरियाणा की सोच और तस्वीर दोनों बदल दी हैं। कभी लिंगानुपात के मामले में पिछड़े रहे प्रदेश में आज हालात तेजी से सुधरे हैं और बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को करनाल स्थित केवीए डीएवी महिला कॉलेज के सभागार में यंग इंडिया एकेडमी द्वारा आयोजित 'प्रारंभ स्कॉलरशिप पुरस्कार वितरण समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, एचआईआरडी नीलोखेड़ी के निदेशक प्रो. वीरेंद्र चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर, शुगर मिल की एमडी अदिति, प्रोबेशन डीएसपी राखी विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




### छात्राओं को 50 लाख की छात्रवृत्ति मिलेगी

कार्यक्रम में यंग इंडिया एकेडमी के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंघानिया ने बताया कि इस वर्ष कॉलेज की छात्राओं को कुल 50 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह छात्रवृत्ति एसएससी, बैंकिंग, रेलवे और सिविल सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दी जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्राएं अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि 'प्रारंभ स्कॉलरशिप टेस्ट' में 1800 छात्राओं ने भाग लिया। चयन पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा के माध्यम से किया गया है।

### कॉलेज की उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

कॉलेज की प्राचार्य मीनू शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों और छात्राओं की सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यंग इंडिया एकेडमी की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे छात्राओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में नई दिशा मिलेगी। समारोह के दौरान चयनित छात्राओं को प्रमाणपत्र और सम्मान प्रदान किए गए। सभागार में छात्राओं और अभिभावकों की बड़ी उपस्थिति रही।

### सरकार की नीतियों से बदली व्यवस्थाः विधायक

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू की गई और लाखों युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी मिली। वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उसी व्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करें।

### नारी शक्ति से ही सशक्त होगा भारत

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। शास्त्रों में भी वर्णित है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की बेटियां शिक्षा, खेल, प्रशासन और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में नारी शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज में बदलाव की अग्रदूत बनें। जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे विषयों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

---



# विजय एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

- भजन-कीर्तन व भंडारे के बीच पंडित दीपक पांडे ने बताया व्रत का आध्यात्मिक महत्व
- एकादशी पर विशेष भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में विजय एकादशी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर एवं बाबा श्याम के दिव्य स्वरूप को रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लगी रहीं। एकादशी के उपलक्ष्य में विशेष भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। कीर्तन के दौरान भजन गायकों ने बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। संध्या आरती के समय पूरा मंदिर परिसर च्य्श्याम नामञ्ज के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर पंडित दीपक पांडे ने अपने मुखारविंद से विजय एकादशी का महत्व विस्तार से बताते हुए कहा कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की यह एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित है और इसका व्रत रखने से मनुष्य को जीवन के संघर्षों में विजय प्राप्त होती है।

### प्रसाद वितरित

उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम ने भी लंका विजय से पूर्व विजय एकादशी का व्रत रखा था, जिससे उन्हें असंभव प्रतीत होने वाली चुनौतियों पर विजय मिली। इस अवसर पर पंडित पांडे ने कहा कि इस दिन विधि-विधान से व्रत, पूजा, दान और सत्संग करने से पापों का क्षय होता है तथा आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक एकादशी पर मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और करनाल सहित दूर-दराज से श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, अशोक सिंघला, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला व हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# सुरक्षा को लेकर जागरूक किया

- छात्राओं को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय, करनाल के रोड सेफ्टी क्लब, यूथ रेड क्रॉस तथा आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में "सुरक्षा जागरूकताः प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को जिम्मेदार नागरिकता, आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया तथा सामुदायिक सुरक्षा के प्रति सजग बनाना रहा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा करनाल की श्वेता धीमान ने प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन पर उपयोगी जानकारी साझा की।




### सुरक्षित ड्राइविंग आदतें अपनाने पर जोर दिया

अपने संबोधन में प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि जागरूकता, अनुशासन और समय पर लिया गया सही निर्णय ही दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन की कुंजी है। सड़क सुरक्षा विषय पर करनाल पुलिस के रोड सेफ्टी समन्वयक एएसआई अजय कुमार ने यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन जैसे विचलनों से बचने और सुरक्षित ड्राइविंग आदतें अपनाने पर विशेष जोर दिया।

### परीक्षाओं में सफलता के लिए किया हवन

- विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का दिया संदेश

**करनाल।** श्री राम चरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं में सफलता की कामना के साथ हवन-यज्ञ एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों ने आहुति देकर परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्य संदीप गौतम ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन का महत्वपूर्ण चरण है, जिसे धैर्य, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से सफलता में बदला जा सकता है।

# धान घोटाले को लेकर भड़की भाकियू

- सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो किसान आंदोलन तेज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा सरकार से धान घोटाले में शामिल सभी आढ़तियों, अधिकारियों और व्यापारियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि यदि सरकार ने सख्त कार्रवाई नहीं की तो किसान आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि कथित धान घोटाले ने करनाल जिले की प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचाया है। उनका आरोप है कि सरकार ने जिम्मेदार अधिकारियों पर समय रहते शिकंजा नहीं कसा, जिससे किसानों का खुलेआम शोषण होता रहा। उन्होंने कहा कि "हजारों करोड़ रुपये का घोटाला सरकार के संरक्षण में हुआ है, यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी।

### किसानों का भारी नुकसान : मैहला



बहादुर मैहला ने बताया कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक धान की खरीद करनाल जिले में होती है और यहीं से देश-विदेश में सबसे अधिक चावल का निर्यात किया जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण जिले में यदि खरीद प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है, तो यह न केवल किसानों बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गंभीर विषय है। किसानों की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाना चाहिए था और सरकार को किसानों को अतिरिक्त लाभ भी सुनिश्चित करना चाहिए था।

### महापड़ाव का ऐलान

यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इसी कड़ी में 23 से 25 फरवरी तक कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री आवास के बाहर महापड़ाव डालने का निर्णय लिया गया है। बहादुर मैहला ने स्पष्ट किया कि इस महापड़ाव में धान घोटाले का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा और सरकार से पारदर्शी जांच व दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

---

## राजा बलि के दान और जालंधर वध प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर



**करनाल।** गांव सगा में आयोजित महाशिवपुराण कथा के पावन अवसर पर शुक्रवार को कथा व्यास रसिक बिहारी जी महाराज ने राजा बलि के अद्वितीय दान और जालंधर वध के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और ओजस्वी वर्णन किया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा की गूंज सुनाई दी। कथा व्यास ने बताया कि राजा बलि दानवीरता, वचनबद्धता और धर्मपालन के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में दान और सेवा को सर्वोपरि रखा। महाराज ने कहा कि सच्चा दान वही है, जिसमें अहंकार का लेश न हो और लोककल्याण की भावना हो। राजा बलि का चरित्र हमें त्याग, समर्पण और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके उपरांत जालंधर वध का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि जब अधर्म और अहंकार अपनी सीमा पार कर जाते हैं, तब भगवान स्वयं धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। जालंधर की शक्ति उसकी पत्नी वृंदा की पतिव्रता तपस्या से जुड़ी थी, लेकिन जब उसका अहंकार बढ़ा और उसने देवताओं को कष्ट देना शुरू किया, तब अंततः भगवान शिव ने उसका संहार कर धर्म की स्थापना की।

# न्यायालय में 8 नई अदालतें शुरू

- लोक अदालत को लेकर भी जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर में 8 नई अदालतों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायिक कार्यों में बढ़ते भार और लंबित मामलों की संख्या को देखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इन 8 अदालतों में से 5 अदालतें करनाल में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के रूप में कार्य करेंगी, जबकि 1 अदालत इन्द्री, 1 असंध और 1 घरौंडा सब-डिवीजन में संचालित होगी।



### अधिवक्ताओं से संवाद

इसी क्रम में सीजेएम डॉ. इरम हसन ने सब-डिवीजन असंध पहुंचकर वहां सिविल जज अदालत का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक मामलों को आपसी सहमति से लोक अदालत में निपटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सस्ता, सरल और त्वरित न्याय का प्रभावी माध्यम है। मौके पर बार एसोसिएशन असंध के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# गीता मनीषी ने श्रद्धालुओं और व्यापारियों को आशीर्वाद दिया

- समाजसेवी वेद सलूजा के निवास स्थान पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

जय श्री कृष्णा के उद्घोष के साथ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का तरावड़ी की लक्ष्मी कालोनी मे आगमन हुआ, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं और व्यापारियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर शिवशक्ति संकीर्तन मंडल के पूर्व प्रधान वेद सलूजा के निवास स्थान पर पहुंचे। जहां पर स्वामी जी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रमुख उद्योगपति, व्यापारी, राइस मिलर्स एवं सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समाजसेवी वेद सलूजा के नेतृत्व में व्यापार मंडल एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वामी जी का अभिनंदन किया।



तरावड़ी। महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त करते डबल चाबी चावल के मालिक बृजभूषण गोयल, साथ में उनकी धर्मपत्नी।

---

गीता ज्ञान कथा में ओजस्वी प्रवचनों को सुनने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# स्वामी ज्ञानानंद ने दिया जीवन सुधार का संदेश, अहंकार पर किया प्रहार

अनाज मंडी में तीन दिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

अनाज मंडी में आयोजित तीन दिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान कथा के अंतिम तीसरे दिन आध्यात्मिक वातावरण और भी अधिक भावविभोर हो उठा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के ओजस्वी प्रवचनों को सुनने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन में अहंकार के दुष्परिणामों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अपना अहंकार है, जो उसे पतन की ओर ले जाता है। स्वामी जी ने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझने लगता है और ईश्वर को भूल जाता है।




तरावड़ी। गीता ज्ञान कथा के दौरान प्रवचन देते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज व कार्यक्रम में उपस्थित विधायक योगेन्द्र राणा, भागवान दास कबरपंथी व गणमान्य लोग व उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे उपस्थित

कथा के दौरान स्वामी जी ने उदाहरण देते हुए बताया कि इतिहास और धर्मग्रंथों में अनेक ऐसे प्रसंग हैं जहां अहंकार के कारण शक्तिशाली व्यक्तियों का भी विनाश हुआ। उन्होंने श्रद्धालुओं को विनम्रता, सेवा और भक्ति का मार्ग अपनाने का संदेश दिया। स्वामी जी ने कहा कि सच्चा सुख तभी प्राप्त होता है जब मनुष्य अपने भीतर से मैं की भावना को समाप्त कर हम की भावना को अपनाता है। वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्वामी जी के विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आज की कथा में आयोजक बी डी ओवरसीज के प्रवीण गर्ग, विधायक योगेंद्र राणा, हल्का के विधायक भगवान दास कबीरपंथी, गैलेक्सी इंटरनेशनल से विजय गोयल, राजकुमार तायल, अनिल गुप्ता, नरेश बंसल, विनीत बंसल, नंदकिशोर खुराना, वीरेंद्र बंसल अमन शर्मा, शीशपाल गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# महारागनी प्रतियोगिता ने बांधा समां

- 15 फरवरी को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, शहरभर में सजावट और कलश यात्रा होगी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में भव्य महारागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध रागिनी कलाकार पैप्सी शर्मा एंड पार्टी ने अपनी देशी शैली और दमदार प्रस्तुति से श्रोताओं और दर्शकों का मन मोह लिया। पैप्सी शर्मा की टीम में शामिल उमाशंकर, दीपा चौधरी, मुस्कान बेबी और शिल्पी तिवारी ने हरियाणवी लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए रागिनियों को जीवंत कर दिया। ग्रामीण अंचल से आए किसानों और शहरवासियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।




### कलाकारों को सम्मानित किया

सभा के प्रधान रमेश जिंदल व अन्य पदाधिकारियों ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि 15 फरवरी को प्रतिवर्ष की भांति भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो प्रातः 10 बजे रामलीला मैदान से प्रारंभ होगी। शिव मंदिर सर्राफा बाजार और मुख्य बाजार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दूसरी ओर सत्यनारायण मंदिर, हनुमान गली में श्री शिव पुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन जारी है, जिसमें आचार्य मिथलेश नंदन प्रतिदिन भगवान शिव की महिमा का गुणगान कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कॉलरशिप के लिए आवेदन सुनिश्चित करने के निर्देश

**पानीपत।** हरियाणा सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेटरी अरुण कुमार गुप्ता (आइएएस) ने पीएमएस एससी एवं ओबीसी योजनाओं के अंतर्गत नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पानीपत के उपायुक्त व संबंधित विभागीय अधिकारियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर योजना के पात्र विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के लिए आवेदन भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि डॉ दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र छात्र पीएमएस एससी एवं ओबीसी योजनाओं को छात्रवृत्ति का लाभ दें।

### शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने की। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई। चौधरी ने अधिकारियों को जन शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सरकारी व निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की हुई बैठक

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल, समालखा में जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा विभाग की नीतियों, दिशा-निर्देशों एवं नवीन शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी साझा करना तथा विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रभावी रणनीति के साथ तैयार करना रहा। बूरा ने प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अबकी बार 99 पार का नारा दिया।

### प्राथमिक सहायता विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**पानीपत।** सेंट जॉन एंबुलेंस पानीपत के द्वारा गांव ढींढार के राजकीय स्कूल में अध्यापकों व विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक सहायता विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन प्रवक्ता प्राथमिक सहायता संदीप रत्तेवाल द्वारा किया गया।

### महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन किया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा महान समाज सुधारक, दार्शनिक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित विचारोत्तेजक भाषण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष से आशिका प्रथम व प्रीति द्वितीय, बीए तृतीय वर्ष से नितिन वर्मा प्रथम व गणिशा द्वितीय, एमए (राजनीति विज्ञान) प्रथम वर्ष से मनीष प्रथम, व काजल द्वितीय रही। विजेताओं को प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उपप्राचार्या राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. किरण मदान, प्राध्यापिका खुशबू, डॉ. नीलम दहिया राहुल कुमार, पूजा, कुलदीप शर्मा ने पुरस्कृत किया।

### जलभराव को खत्म करेगा प्रशासन

**समालखा।** समालखा के शहरी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर एसडीएम समालखा अमित कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आश्रम रोड, ब्ल्यूजे रोड, भापरा रोड, अग्रवाल स्वीट्स के सामने वाली सड़क, खटीक मोहल्ला तथा जौरासी रोड जलभराव की समस्या के हल पर विचार हुआ। एसडीएम अमित ने दावा किया कि इस क्षेत्रों से जलभराव की समस्या का स्थाई हल किया जाएगा।

### भारत कोकिला को नमन किया

**पानीपत।** आईबीपीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की टैगोर सोसायटी द्वारा भारत की प्रख्यात कवयित्री एवं स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कॉलेज गवर्निंग बॉडी के महासचिव एलएन मिगलानी, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक आदि ने नमन किया।

## आर्य बाल भारती स्कूल में विद्यार्थी व शिक्षक सार्थक संवाद कार्यक्रम आयोजित

# देश, समाज, मानवता की सेवा करें विद्यार्थी: सिंह

अध्यापकों व अभिभावक और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को छात्रों का मार्गदर्शन करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में एसडीएम मनदीप को स्मृति चिंह भेंट करते हुए शिक्षाविद्गण। फोटो : हरिभूमि

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में के सभागार में समाजसेवी संस्था जियो और जीने दो तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से आगामी परीक्षाओं के दृष्टिगत विद्यार्थियों की मन की बात कार्यक्रम हुआ। वहीं, एसडीएम मनदीप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मनुष्य जीवन का सर्वश्रेष्ठ भाग होता है, वहीं यह आयु संवेदनशील होती है। ऐसे में अध्यापकों व अभिभावक को और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना चाहिए। ताकि वे चरित्रवान बन कर सफल इंसान बनते हुए देश, समाज, मानवता की सेवा करें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि यदि उन्हें किसी भी तरह की उलझन होने पर परिजनों, शिक्षकों आदि का सहयोग लेना चाहिए।

कार्यक्रम में सतबीर जांगड़ा, शिक्षाविद् जवाहरलाल शर्मा, सुखबीर शर्मा, ओम दत्त आर्य, सुरती शर्मा आदि उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि आर्य बाल भारती स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ संस्कारवान बनाया जाता है।

## आईडीए की पहली महिला अध्यक्ष बनी डॉ. मंजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। इंडियन डेंटल एसोसिएशन पानीपत चेप्टर की नई कार्यकारिणी।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) पानीपत शाखा के इतिहास में पहली बार महिला चिकित्सक डॉ. मंजू वर्मा तागरा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं, नई कार्यकारिणी में डॉ. रूपम को सचिव, डॉ. ईशा कटारिया व डॉ. शाल्की तनेजा को संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. अनिल अरोड़ा को नियुक्त किया गया। इधर, नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. मंजू वर्मा तागरा ने कहा कि आईडीए पानीपत दंत स्वास्थ्य जागरूकता, शैक्षणिक गतिविधियों और सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाएगा। जबकि डॉ. आलोक अहलावत द्वारा चिकित्सकीय आपातकालीन परिस्थितियों का प्रबंधन तथा सीपीआर पर प्रायोगिक प्रशिक्षण विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. ललित वर्मा, डॉ. वी.के. तनेजा, डॉ. प्रदीप वर्मा, डॉ. अनुपमा कुंडू, डॉ प्रदीप जागलान, डॉ सुमित सिंघल, डॉ. वैभव, डॉ. विनीत, डॉ. मानसी, डॉ. सौरभ गर्ग, डॉ. हरीश जुनेजा, डॉ. रोहित गोयल, डॉ. पूनम नंदा, डॉ रजत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग ने सविता आर्य को सम्मानित किया



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह, सविता आर्य को सम्मानित करते हुए।

**पानीपत।** नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्षा सविता आर्य को राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, महिला सशक्तिकरण, नारी को अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने, नारी आत्मनिर्भरता, बेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, सविता ने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस विभाग पानीपत के द्वारा जो सम्मान दिया गया है उसे सम्मान को पाकर वह और अधिक ऊर्जा, उत्साह, निष्ठा लग्न और तत्परता से कार्य करेगी। उनका प्रयास है कि समाज में नारी का शोषण न हो सके, नारी पढ़ लिखकर जीवन में आगे बढ़ और देश को आत्मनिर्भर व विकसित करने में अपना सहयोग दें।



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ अभिनेतागण।

### हरियाणा के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज के सभागार में सन 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथा को जीवंत करते हुए इसमें हरियाणा के वीरों के नाम नामक ऐतिहासिक नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। यह नाटक हरियाणा सरकार के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सौजन्य से प्रस्तुत किया गया, जिसका उद्देश्य देश की आजादी की पहली लड़ाई में हरियाणा के वीर सपूतों, आमजन और किसानों के अमूल्य योगदान को जनमानस तक पहुंचाना रहा। नाटक के मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, संवाद अदायगी और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से उन वीर जवानों की शौर्यगाथा को प्रस्तुत - किया, जिनका योगदान इतिहास के पन्नों में या तो दर्ज नहीं है या बहुत कम उल्लेखित है। नाटक में बताया गया कि 10 मई 1857 को अंबाला छावनी से इस महाविद्रोह में हरियाणा के उद्यमी राम जाट, राव तुलाराम, शदरुद्दीन, मिर्जा गफूर, धन्ना सेठ, महाराजा नाहर सिंह जैसे वीरों ने विद्रोही सैनिकों को संगठित किया, उन्हें नेतृत्व प्रदान किया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ खुलकर बगावत की।

## जनहितैषी होगा हरियाणा सरकार का बजट

### विधायक प्रमोद के आवास पर अंत्योदय मंत्री का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के सामाजिक न्याय सशक्तिकरण अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार ने दावा किया कि हरियाणा सरकार का बजट जनहितैषी होगा। प्रदेश सरकार बजट को लेकर होमवर्क कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी लगातार प्रदेश के हर वर्ग से मिल कर बजट को लेकर चर्चा कर रहे है और अनुभवी लोगों का सुझाव ले रहे है। मंत्री कृष्ण, विधायक प्रमोद विज के आवास पर आयोजित आने अभिनंदन कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा तेजी से तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। वहीं, पानीपत युवा संगठन बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि कपूर ने मंत्री कृष्ण को शक्ति का स्वरूप तलवार भेंट की। जबकि विधायक विज ने अपनी धर्मपत्नी नीरू विज, पुत्र राहुल विज, पुत्रवधू आशिमा विज के साथ मंत्री कृष्ण का शॉल ओढ़ा कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मेयर कोमल सैनी समेत बडी संख्या में पार्षद व भाजपा नेता आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। विधायक प्रमोद विज के आवास पर मंत्री कृष्ण को तलवार भेंट करते हुए शशि कपूर। फोटो : हरिभूमि

### समाज को ऊर्जा देते है संतों के उपदेश : भाटिया

**पानीपत।** श्री प्रेम मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। वहीं, इस दिव्य कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने श्रद्धा भाव से सहभागिता की एवं विश्व प्रसिद्ध महामंडलेश्वर गीता मनीषी ज्ञानानंद, अरुण दास जी महाराज, श्री कांता देवी महाराज, गोपाल दास आदि की उपस्थिति में नवीन भाटिया ने कहा कि संत व महात्मागण, समाज के लिए मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ के समान होते हैं। उनकी वाणी, तपस्या और जीवन मूल्य मानवता को सत्य, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। संतों के सान्निध्य में प्राप्त आध्यात्मिक ऊर्जा से मन, विचार और आत्मा सभी शुद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि संतों की अमृतमयी वाणी समाज की मार्गदर्शक होती है। संतों के उपदेश समाज को उर्जा देते हैं। इस अवसर पर दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, हिमांशु कटारिया, विजय सहगल, रोहतास देशवाल, हिमांशु वीरमणि, सुमित त्यागी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री प्रेम मंदिर के वार्षिकोत्सव में संकीर्तन का श्रवण करते हुए नवीन भाटिया आदि श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## रेडियो की आत्मीयता आज भी बरकरार: डॉ. गुप्ता

- अंतरराष्ट्रीय रेडियो दिवस पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज में रेडियो वॉयस ओवर आर्टिस्ट आरजे अतुल को स्मृति चिंह भेंट करते हुए डॉ. दिनेश गाहल्याण। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय रेडियो दिवस पर आर्य कॉलेज में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान करवाया गया। वहीं, कार्यक्रम में मुख्यातिथि रेडियो वॉयस ओवर आर्टिस्ट आरजे अतुल का कॉलेज के उपप्रधान विरेंद्र शिंगला व प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने स्वागत करते हुए कहा कि रेडियो को संचार का सबसे सशक्त और भरोसेमंद माध्यम बताया। आरजे अतुल ने अपने करियर के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि भले ही आज सोशल मीडिया का दौर है, वहीं, रेडियो की जो आत्मीयता है, वह कोई और माध्यम नहीं ले सकता। वॉयस कल्चर, कंटेंट की शक्ति की के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि पॉडकास्ट और डिजिटल रेडियो के आने से इस क्षेत्र में करियर के नए द्वार खुले हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को 'लाइव लिंकिंग' और 'प्रेजेंस ऑफ माइंड' का अभ्यास कराया। डॉ. दिनेश गाहल्याण ने बताया कि आज का विस्तार व्याख्यान बहुत ही जानकारियों व और रोचक भरा रहा साथ ही विद्यार्थियों को रेडियो जगत की बारीकियों से रूबरू होने का भी अवसर मिला। इस अवसर पर जनसंचार विभाग के शिवांक रावल, केशव शर्मा, गजल व सोनू और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**समालखा।** पुलिस नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने वार्ड चार व पांच में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। एएसआई जगपाल सिंह ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे का शिकार है तो उसका निशुल्क उपचार करवाया जाएगा। जबकि नशे बेचने वलों की सूचना तत्काल पुलिस को दी।

### प्रथम हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में सेक्टर-30 स्थित पार्क एक में प्रथम हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगए। इस सम्मेलन के अंतर्गत समरसता यज्ञ, मातृ-पितृ पूजन, संतों के प्रवचन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

## राजनीति में भागीदारी करें युवा वर्ग: गजेंद्र

### पीसीसी एकेडमी में राजनीति की पाठशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

नगर के मॉडल टाउन स्थित पीसीसी एकेडमी में राजनीति की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसको संबोधित करने के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा पहुंचे। वहीं, एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने बुके देकर गजेंद्र सलूजा का स्वागत किया। इधर, गजेंद्र सलूजा से विद्यार्थियों को उनके राजनीति पर आधारित सवालों का जवाब देते हुए कहा कि युवा वर्ग को राजनीति में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं, राजनीति एवं समाज सेवा निःस्वार्थ भावना से करनी चाहिए। जबकि राजीव परुथी ने कहा कि पीसीसी एकेडमी में बच्चों की उत्सुकता को देखते हुए आज राजनीति की पाठशाला का आयोजन किया गया है। वहीं, राजनीति में युवाओं को आगे आना चाहिए, युवाओं की राजनीति में भागेदारी बढने से प्रजातंत्र और अधिक मजबूत होगा। इधर, शिल्पा परुथी ने कहा कि युवा, विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए भारत व हरियाणा का नाम विश्व में रोशन कर रहा है। इस अवसर पर रितु, गरिमा, गौरांशी, दीपांशु आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।




पानीपत। पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परूथी, गजेंद्र सलूजा को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

## ग्रीनमैन दलजीत ने सेंट्रल स्कूल में हरित विद्यालय अभियान चलाया

विद्यार्थियों को परिजनों के नाम पर प्रति वर्ष एक-एक पौधे रोपने की शपथ दिलवाई

# पर्यावरण को घना करने को आगे आएं विद्यार्थी : कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ग्रीनमैन दलजीत। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, गांव हरसिंहपुरा में 'हरित विद्यालय' अभियान के तहत स्कूल परिसर को हराभरा बनाने के साथ हर विद्यार्थी अपने घर को हर्बल-ऑक्सीजन का हब कैसे बनाएं इस विषय पर आख्यान आयोजित किया गया। जिसके मुख्य वक्ता ग्रीनमैन दलजीत कुमार सहायक प्रोफेसर इतिहास देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय ने शिक्षकों व छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे हम अपने बरगद, नीम, पीपल, आम, अमलतास, कड़ी पत्ता, जामुन, अमरूद, पिलखन, परिजात, तुलसी, आड़ू, स्नेकप्लांट्स, गुलाब, गेंदा, पोर्चुला, लेमनग्रास, गुड़हल, एलोवेरा, सिंदूर, अंजीर, बृह्नगराज, चम्पा, केला, गूगल, अश्वगंधा, नींबू, , माल्टा, बेलपत्र, चीकू, टिकोम आदि के पौधे लगाकर आपने विद्यालय को ग्रीन विद्यालय बना सकते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक व विद्यार्थी अपने घरों को कम लागत में हर्बल ऑक्सीजन हब के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं और घरेलू कचरे को इस्तेमाल योग्य वस्तुओं में रूपांतरित कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को परिजनों के नाम पर प्रति वर्ष एक एक पौधे रोपने की शपथ दिलवाई। डॉ. जयकुवर ने विद्यार्थियों को फिजिक्स के महत्व बारे जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक सुधीश कुमार, अंकुर , गणेश कुमार, जय भगवान, रीना खर्ब समेत बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### इसराना मंडी में बैठक हुई

**पानीपत।** इसराना मार्केट कमेटी कार्यालय में आगामी सीजन की तैयारियों और समस्याओं पर चर्चा के लिए आढ़तियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी अध्यक्ष राजेश जागलान ने की, जहां आढ़तियों ने मंडी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष जयकरण ने मंडी में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करवा कर चालू कराने की मांग की। बैठक में इसराना मार्केट कमेटी सेक्रेटरी पवन नागपाल, जयकरण जागलान, वीरेंद्र जागलान, सुरेंद्र रमन, विकास, राजवीर मलिक, संजीत मलिक आदि उपस्थित रहे।

- बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी अध्यक्ष राजेश जागलान ने की, जहां आढ़तियों ने मंडी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा

**न्यायालय माननीय नायब तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

हम 1- पिंकी कपूर पुत्री श्री बलबीर कुमार पुत्र श्री प्यारा लाल निवासी पुरेवाल कालोनी, जिला पानीपत। प्रार्थीया

बनाम जनरल पब्लिक

हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि 1- पिंकी कपूर पुत्री बलबीर कुमार पुत्र श्री प्यारा लाल निवासी पुरेवाल कालोनी जिला पानीपत ने वसीयत का इंतकाल मंजूर हेतु मेरे कार्यालय में पेश किया है जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री बलबीर कुमार पुत्र श्री प्यारा लाल की दिनांक 07-06-2024 को मृत्यु हो चुकी है। तथा बलबीर के पुत्र श्री मदन लाल की भी मृत्यु दिनांक 01-09-2020 को हो चुकी है। मेरे पिता जी स्व0 श्री बलबीर कुमार ने एक वसीयतनामा वसीका न0 307 दिनांक 17-08-2023 हम 1- पिंकी कपूर पुत्री 2- सुनैना पुत्री 3- रजनी पुत्री 4-पूजा कक्कड पुत्री बलबीर कुमार पुत्र श्री प्यारा लाल निवासीगण पुरेवाल कालोनी जिला पानीपत प्रार्थीगण के हक में पंजीकृत करवाया हुआ है। जिसके सम्बंध में प्रार्थीया ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम खास को सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक श्री बलबीर कुमार के विरासत का इस्तकाल वसीयत के अनुससार दर्ज व मंजूर कर दिया जाए। इसके बाबत कोई शक या ऐतराज हो तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वसीयत का इन्तकालन दर्ज व मंजूर कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इस्तहार आज दिनांक 11-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है। जिसका क्रमांक नं.1411 है।

नायब तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

पूजा पुत्री स्व० श्री राजकुमार पुत्र श्री नारायण दास निवासी मकान न0 10 रामनगर तहसील कैम्प तहसील व जिला पानीपत व आदि।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि पूजा पुत्री स्व० श्री राजकुमार पुत्र श्री नारायण दास निवासी मकान न0 10 राम नगर तहसील कैम्प तहसील व जिला पानीपत व आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व० श्री राजकुमार पुत्र श्री नारायण दास की मृत्यु दिनांक 03.12.2025 को हो चुकी है। मृतक स्व० श्री राजकुमार पुत्र श्री नारायण दास के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. नीलम (मृतक पत्नी) 2. साहिल (मृतक पुत्र) 3. पूजा (पुत्री) ही जायज वारिस हैं मृतक की पत्नी स्व० श्रीमति नीलम का दिनांक 06.07.2018 व साहिल (अविवाहित मृतक पुत्र) का दिनाक 18.09.2025 को देहान्त हो गया है। मृतक की माता स्व० श्रीमति मूजी बाई का अरसा पहले देहान्त हो गया है। मृतक की पुत्री पूजा ही अकेली वारिस है इसके अलावा अन्य कोई वारिस ना है अंजली शर्मा पार्षद वार्ड न0 4 नगर निगम पानीपत व हल्का पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तस्दीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के अलावा मृतक स्व० श्री राजकुमार पुत्र श्री नारायण दास का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० श्री राजकुमार पुत्र श्री नारायण दास के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### 5.444 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बंदरी वाला मंदिर नजदीक रेलवे स्टेशन क्षेत्र से आरोपी को भारी मात्रा में नशीला पदार्थ सहित काबू किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 5 किलो 444 ग्राम पदार्थ गाजा बरामद किया गया। सीआईए-2 स्टाफ द्वारा गश्त और चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5 किलो 444 ग्राम मादक पदार्थ गाजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। उसकी पहचान बिहार के जिला पूर्णिया के गांव अकबरपुर के रहने वाले प्रमोद जयसवाल के तौर पर हुई है। पुलिस ने अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### कार चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज कार चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी विनित गौत्तम, शुभम गौत्तम व तौशीफ को गिरफ्तार किया है। एएनसी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता मनिंद्र सिंह ने 19 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 अक्तूबर 2025 को बलदेव नगर पुल के नीचे से आरोपियों ने उसकी कार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों से 20 हजार 500 रूपये की नकदी बरामद की गई है।

### फ्रॉड रोकने के लिए सुरक्षा फीचर जांच

**अंबाला।** एयरटेल ने स्पैम की समस्या से निपटने के अपने लगातार प्रयासों के तहत अपना नया एआई-पॉवर्ड फ्रॉड अलर्ट सिस्टम लांच किया है। यह फीचर ग्राहकों को ओटीपीसे जुड़े बैंकिंग फ्रॉड से रियल-टाइम में सुरक्षित रखने में मदद करेगा। आजकल धोखेबाज़ डिलीवरी, कस्टमर सपोर्ट या अन्य रोज़मर्रा की सेवाओं का बहाना बनाकर ग्राहकों पर जल्दबाज़ी का दबाव बनाते हैं और उनसे बैंकिंग ट्रांजेक्शन से जुड़ा ओटीपी सांझा करवा लेते हैं। जैसे ही ओटीपी सांझा किया जाता है जिससे ग्राहक के बैंक खाते में जमा राशि खतरे में पड़ जाती है।

## शैमफॉर्ड स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम महत्वपूर्ण

# फैशन शो, हरियाणवी नृत्य-वेस्टर्न डांस की सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्टूडेंट्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

■ कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

शैमफॉर्ड स्कूल में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसने ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसका संपूर्ण संचालन कक्षा प्रथम के नन्हे विद्यार्थियों ने किया। द्विजदीप और यक्षित ने मंच संचालन आत्मविश्वास और प्रभावशाली शैली में किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा। स्वागत नृत्य भी कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। यक्षित धीमान ने "कभी इतिहास को पलट कर चल" विषय पर हिंदी कविता का प्रभावशाली पाठ किया, जबकि अगमजोत सिंह ने "सेव ट्री" विषय पर अंग्रेज़ी कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पर्व दुहन की माताजी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों की परवरिश, अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त फैशन शो, हरियाणवी नृत्य और वेस्टर्न डांस की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के अध्यक्ष इंद्रजीत तथा प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम हर्षोल्लास, अनुशासन और गरिमापूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कानूनी जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी

## आठ सरकारी स्कूलों में छात्रों को साइबर फ्रॉड के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते पैनल अधिवक्ता।

उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा माननीय अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं चेयरमैन सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी चितेश गुप्ता के दिशा-निर्देशों में सब डिवीजन नारायणगढ़ के 8 सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम "डिजिटल दुनिया को प्रबंधित करना – सांझा करने से पहले सोचें" अभियान के अंतर्गत आयोजित किए गए। जीएसएसएस फतेहगढ़, जीएसएसएस बड़ी बस्सी, जीएसएसएस भड़ोग, धनाना, जीएसएसएस जटवाड़, जीएसएसएस कक्कड़मजरा, जीएसएसएस कडासन तथा जीएसएसएस कोडवा स्कूल में ये कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में पैनल अधिवक्ताओं शुभकरण, अक्षिता, विष्णु वर्मा, विजय सिंह, दीप्ति बेगानी, गुरमीत सिंह, अंकुर पासी, संजीव तथा पैरा लीगल वालंटियर द्वारा छात्रों को डिजिटल सुरक्षा व कानूनी जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी । जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को झूठी खबरें फैलाने के दुष्परिणाम, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभाव तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव के बारे में जागरूक करना रहा।

#### 1930 पर सूचना दें

विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। साथ ही साइबर पुलिस हेल्पलाइन, लीगल एड सर्विसेज (विधिक सहायता सेवाएं) हेल्पलाइन तथा नारायणगढ़ सिविल कोर्ट में स्थापित फ्रंट ऑफिस की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकथाम के कानूनी प्रावधानों और उसके दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

### कनाड़ा का वर्क परमिट वीजा दिलवाने के नाम पर 37 लाख की ठगी

**अंबाला।** अंबाला शहर के सेक्टर-10 के रहने वाले सुखविंदर पाल सिंह ने चंडीगढ़ की एक इमिग्रेशन कंपनी पर कनाडा का वर्क परमिट और परिवार का वीजा लगवाने के नाम पर करीब 36.89 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। आरोपियों ने झांसा देने के लिए न केवल फर्जी दस्तावेज और जाली पासपोर्ट रिक्वेस्ट तक थमा दी। पुलिस ने शिकायत पर चंडीगढ़ की एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन सर्विसेज के डेविड अरोड़ा, मनदीप कौर, गुरदीप सिंह, गगन और सैम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

■ पुलिस ने चंडीगढ़ की एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन सर्विसेज के पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

सुखविंदर पाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने विदेश जाने के लिए नवंबर 2024 में चंडीगढ़ सेक्टर-35 स्थित एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन सर्विसेज के मालिक डेविड अरोड़ा और बिजनेस पार्टनर मनदीप कौर से संपर्क किया था। आरोपियों ने दावा किया कि उनका कनाडा के एम्प्लॉयर से सीधा संपर्क है और वे 3-4 महीने में वर्क परमिट दिलवा देंगे। उनका सौदा 40 हजार कनाडाई डॉलर में तय हुआ। आरोपियों ने पंजीकरण के नाम पर उनसे 25 हजार नकद लिए और उसके बाद फाइल प्रोसेस करने के नाम पर अलग-अलग तारीखों में चेक के जरिए कुल 36,89,500 रुपये ऐंठ लिए है।

## कैंप में 550 विद्यार्थियों के दांत जांचे

■ श्री विश्वकर्मा हाई स्कूल में फ्री दंत जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। बच्चों के दांतों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

सामाजिक सरोकारों की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रोटरी क्लब द्वारा गांव सोहाना स्थित श्री विश्वकर्मा हाई स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर एमएम कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज़ एंड रिसर्च मुलाना के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के सहयोग से लगाया गया, जिसमें स्कूली बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की गई।शिविर के दौरान 550 विद्यार्थियों के दांतों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। साथ ही बच्चों को दांतों की साफ-सफाई, सही ब्रश करने की विधि तथा दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने बच्चों को बताया कि नियमित दंत जांच और सही देखभाल से भविष्य में होने वाली कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह, उपाध्यक्ष बलकार सिंह, पूर्व अध्यक्ष रमेश सांगवान, दिलप्रीत सिंह, सदस्य साहिल वर्मा, गुणविंदर सिंह तथा साहिल शर्मा मौजूद रहे।

#### स्वास्थ्य सर्वोपरि

सभी पदाधिकारियों ने शिविर के आयोजन को बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। दंत चिकित्सा टीम में डॉ. अरुणेंद्र सिंह चौहान, डॉ. श्रुति बाठे, डॉ. जयर गिबी, डॉ. दीपा सिंह सहित इंटर्न रितुल, सयंतिका, चेष्टा और ओजस्विता ने सक्रिय भूमिका निभाई। राजीव ने भी सहायक के तौर पर शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनते हैं। विद्यालय प्रधानाचार्या पूनम धीमान ने कहा कि क्लब और चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता पैदा करते हैं।

## सर्वसम्मति से सुशील बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। प्रधान सुशील गोयल व्यापारियों की मीटिंग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

पुरानी अनाज मंडी (वार्ड 9)में व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य मंडी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करना और एक मजबूत, पारदर्शी व प्रभावी संगठन का गठन करना रहा। बैठक में मंडी के सभी व्यापारियों ने आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर सुशील गोयल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। बिना किसी विरोध के उनके नाम पर सहमति बनना, व्यापारियों के बीच उनके प्रति गहरे विश्वास और सम्मान को दर्शाता है। व्यापारियों का मानना है कि सुशील गोयल के अनुभव और नेतृत्व में मंडी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। नई कार्यकारिणी प्रधान सुशील गोयल पानीपत वाले के अलावा उप-प्रधान विमल अग्रवाल, सुभाष गोयल सचिव अनिल अग्रवाल उप-सचिव मनीष व कैशियर रवि अग्रवाल को चुना गया। कार्यकारिणी में बतौर सदस्य ओम चिल्ली नरेंद्र खरबंदा को चुना गया। प्रधान सुशील गोयल ने कहा कि वे सभी व्यापारियों को साथ लेकर चलेंगे और मंडी के विकास, पारदर्शिता, अनुशासन तथा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देंगे। भरोसा दिलाया कि हर निर्णय व्यापारियों के हित में और सबको विश्वास में लेकर लिया जाएगा।

### वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

## तीन आरोपियों ने पांच लाख रुपये का कच्चा माल चुराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ भारी मात्रा में कॉपर व टिन रॉड गायब

शहर के गीता नगरी रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में तीन चोरों ने केबल फैक्टरी से करीब 5 लाख का कच्चा माल चुरा लिया। एक्टिवा सवार तीन शातिर चोर पहचान छिपाने के लिए मुंह पर कपड़ा लपेट कर आए हुए थे। यह वारदात फैक्टरी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। हालांकि चोरों की जैसे ही सीसीटीवी पर नजर पड़ी थी तो वारदात के बीच में ही डीवीआर की सप्लाई काट दी ताकि उनकी भागते हुए की फुटेज न आ सके। बलदेव नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मॉडल टाउन के आशीष सचदेवा ने पुलिस को बताया कि उनकी गोपी मिक्सी फैक्टरी के पास ए ए अलोएस के नाम से केबल बनाने की फैक्टरी है। 9 फरवरी की रात करीब 8 बजे वर्कर फैक्टरी को ताला लगाकर ऊपर बने क्वार्टरों में सोने चले गए थे। अगले दिन सुबह सुपरवाइजर अंकुश पहुंचा तो साथ वाले गेट का ताला टूटा मिला व अंदर से भारी मात्रा में कॉपर व टिन रॉड गायब थे। आकर फैक्टरी की फुटेज खंगाली तो पता चला कि रात के समय एक एक्टिवा पर सवार होकर तीन युवक आए थे।

## बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की भागीदारी बेहद जरूरी

■ 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। बच्चों को जागरूक करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

गांव बिचपड़ी, भूड़माजरी, सलोला, भारापुर और कडासन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाना और लोगों को कानून की जानकारी देना रहा। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद ने बिचपड़ी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की जागरूक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। गांव भूड़माजरी में आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर मनप्रीत कौर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इससे कम आयु में किया गया विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है जो दंडनीय अपराध है। बताया कि बाल विवाह करवाने या उसमें सहयोग करने पर दो वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

#### कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी

कार्यक्रमों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बालिकाओं की शिक्षा के महत्व और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। गांव भूड़माजरी में आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर मनप्रीत कौर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष निर्धारित की गई है।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना और बालिकाओं के सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य को सुनिश्चित करना रहा।

### बुलेट पटाखा बजाने वालों पर शिकंजा

## ध्वनि प्रदूषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ फरवरी में उल्लंघन करने पर 12 बुलेट जब्त

सड़कों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस उन उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है जो अपनी बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर में बदलाव कर पटाखे जैसे शोर से आमजन को परेशान कर रहे हैं। पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर ऐसी मोटरसाइकिलों को पकड़ा जा रहा है जो निर्धारित मानकों का उल्लंघन कर रही है। इन वाहनों के चालकों द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखे बजाकर राहगीरों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों में दहशत पैदा की जा जाती है। पुलिस इन बुलेट मोटरसाइकिल का भारी भरकम चालान काट रही है तथा फरवरी माह में उल्लंघन करने वाले 12 बुलेट मोटरसाइकिलों को जब्त भी किया गया है। बलदेव नगर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह व प्रबंधक थाना सेक्टर -9 निरीक्षक सुनीता ढाका ने चेतावनी देते हुए कहा कि सड़कों पर स्टंटबाजी और ध्वनि प्रदूषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सीवरेज के टूटे पाइप से मिला शव, नहीं हो पाई पहचान

**अंबाला।** अंबाला-जगाधरी हाईवे स्थित एसडी कॉलेज के पास शुक्रवार सुबह 11 बजे हाईवे किनारे पड़े सीवरेज के टूटे पाइप में एक व्यक्ति का शव मिला। देखते ही देखते राहगीरों व कॉलेज के छात्रों का जमावड़ा लग गया। पुलिस पहुंची तो शव के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। आसपास केवल कुछ कपड़े ही पड़े थे। शव को शिनाख्त के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। हाउसिंग बोर्ड चौकी प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। मृतक के शरीर पर किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। शव की स्थिति को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति की मौत प्राकृतिक कारणों या ठंड की वजह से हुई हो सकती है, हालांकि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा।

■ ठंड को माना जा रहा है मौत की वजह, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

कार्यक्रम | शिव जयंती महोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का किया आयोजन

# मनुष्य बाहरी साधनों में सुख खोजते हुए स्वयं को भूला

■ कार्यक्रम में शिव ध्वज लहराकर विश्व शांति का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्माकुमारीज़ विश्व शांति भवन सेवा केंद्र पर 90वीं शिव जयंती महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिव ध्वज लहराकर विश्व शांति का संदेश दिया गया तथा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शिवभक्त उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता के रूप में अंबाला कैंट से पधारे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी एवं राजयोगिनी शोभा दीदी ने अपने दिव्य उद्बोधन से सभी को आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान की। शोभा दीदी ने कहा कि वर्तमान समय आत्म-जागृति का समय है। मनुष्य बाहरी साधनों में सुख खोजते-खोजते स्वयं को भूल गया है इसलिए अब परमात्मा की याद द्वारा स्वयं को पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारत पहले भी विश्व गुरु था। अब भी है और भविष्य में भी विश्व को आध्यात्मिक दिशा देने वाला बनेगा। इसी पावन भारत भूमि पर परमपिता शिव लगभग नब्बे वर्षों से अवतरित होकर मानव आत्माओं को सच्चे जीवन मूल्यों, पवित्रता, शांति और श्रेष्ठ कर्मों का मार्ग सिखा रहे हैं तथा आने वाले समय के प्रति मानव को जागरूक कर रहे हैं।

#### परमात्मा शिव निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप

रानी दीदी ने शिव जयंती के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि परमात्मा शिव निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप हैं जो पतित संसार को पावन बनाने और मानव को देवत्व जीवन का मार्ग दिखाने हेतु इस धरा पर अवतरित होते हैं। उन्होंने राजयोग ध्यान की विधि समझाते हुए कहा कि परमात्मा से संबंध जोड़कर मनुष्य अपने जीवन में शांति, शक्ति और आनंद की अनुभूति कर सकता है तथा विकारों पर विजय प्राप्त कर सकता है। बीके सविता दीदी ने अपने उद्बोधन में सभी को शिव जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजयोग ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मकता, संस्कारों की श्रेष्ठता और आपसी प्रेम-सद्भाव को बढ़ा सकता है। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, आगंतुकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बहन हीना पाहावा अपने समस्त परिवार सहित उपस्थित रहीं तथा आदरणीय भ्राता सतनाम दास ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त एसएचओ विरेंद्र वालिया भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मौके पर ज्ञानचंद जैन , कुसुम चौहान , सोनिया भराडा , दिनेश गुप्ता सहित अनेक समाजसेवी व शिवभक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनमें बच्चों एवं बहनों द्वारा भक्ति गीतों व नृत्य के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिया गया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को राजयोग ध्यान का सामूहिक अभ्यास करवाकर गहन शांति की अनुभूति कराई गई।